हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
**रोहतक,** शनिवार 4 जुलाई 2026

11 महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हर शिकायत पर...



12 केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए बसों की...



मोबाइल नेटवर्क या बैटरी खत्म होने पर भी कंट्रोल रूम से जुड़ती है सीधी कॉल

# नेशनल हाइवे पर आपातकाल में यात्रियों का 'रक्षक' है एसओएस बूथ, एनएच-152डी पर कई मशीनें खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

अलग खबर

आधुनिक एक्सप्रेसवे व नेशनल हाइवे पर सफर के दौरान सड़क किनारे थोड़ी-थोड़ी दूरी पर लगे पीले रंग के एसओएस (सेव अवर सोल्स) बॉक्स या पोल अक्सर लोगों की नजर में आते हैं, लेकिन अधिकांश यात्रियों को इनके वास्तविक उपयोग की जानकारी नहीं होती। महेंद्रगढ़ जिले से गुजर रहे एनएच-152डी सहित अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाए गए यह आपातकालीन कॉल बॉक्स दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, वाहन खराब होने या सुरक्षा संबंधी खतरे जैसी परिस्थितियों में यात्रियों के लिए जीवनरक्षक साबित होते हैं। हालांकि एनएच-152डी पर कई स्थानों पर एसओएस सिस्टम फिलहाल खराब पड़ा है, जिससे आपात स्थिति में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

एसओएस बूथ का मुख्य उद्देश्य हाइवे पर सफर कर रहे लोगों को किसी भी आपातकालीन स्थिति में सीधे हाइवे कंट्रोल रूम से जोड़ना है। इसके माध्यम से सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल एम्बुलेंस मंगाई जा सकती है, वाहन खराब होने या ईंधन समाप्त होने की स्थिति में सहायता ली जा सकती है।

इसके अलावा संदिग्ध गतिविधि, लूटपाट या किसी अन्य सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना भी तुरंत पुलिस और संबंधित एजेंसियों तक पहुंचाई जा सकती है। इन उपकरणों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यदि मोबाइल फोन में नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, बैटरी खत्म हो चुकी है या दुर्घटना के दौरान मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया है, तब भी एसओएस मशीन के जरिए सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। प्रत्येक एसओएस डिवाइस में यूनिक आईडी या इन-बिल्ट लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम होता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इसका बटन दबाता है, कंट्रोल रूम को तुरंत संबंधित स्थान और किलोमीटर की जानकारी मिल जाती है, जिससे राहत व बचाव दल को मौके पर भेजने में समय नहीं लगता।




**कनीना।** खराब पड़ी एनएच 152 डी पर लगाई गई एसओएस मशीन।

### क्या कहते हैं मेंटेनेंस प्रोजेक्ट हेड

इस संबंध में भालखी स्थित गावड़ मेंटेनेंस के प्रोजेक्ट हेड अमित नैन ने बताया कि कुछ स्थानों पर तार कटने जैसी तकनीकी वजहों से एसओएस मशीनों में खराबी आई होगी। उन्होंने कहा कि सभी मशीनों की एक सप्ताह के भीतर जांच कर आवश्यक मरम्मत कराई जाएगी, ताकि हाईवे पर सफर करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### रखरखाव व संचालन की जिम्मेदारी एनएचएआई की

एनएच-152डी पर एसओएस बूथों के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा संबंधित हाईवे का संचालन एवं रखरखाव करने वाली एजेंसी की होती है। टोल वसूली करने वाली निजी कंपनी को भी इन उपकरणों की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित करनी होती है। यात्रियों से वसूले जाने वाले टोल टैक्स में इन सुरक्षा सुविधाओं का खर्च भी शामिल रहता है। यदि किसी स्थान पर एसओएस सिस्टम खराब मिले, तो इसकी शिकायत राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन 1033 पर की जा सकती है या एनएचएआई के आधिकारिक सोशल मीडिया माध्यमों पर दर्ज कराई जा सकती है, ताकि समय रहते खराबी दूर कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### ऐसे करें एसओएस बूथ का इस्तेमाल

*किसी भी आपात स्थिति में सबसे पहले वाहन को हाईवे की इमरजेंसी लेन में सुरक्षित खड़ा करें। इसके बाद एसओएस बॉक्स के पास जाकर मशीन पर दिए गए 'पुश टू टॉक' बटन को दबाएं। कुछ ही क्षणों में आपकी कॉल कंट्रोल रूम में बैठे ऑपरेटर से जुड़ जाएगी। इसके बाद अपनी समस्या स्पष्ट रूप से बताएं और सुरक्षित स्थान पर रहकर सहायता का इंतजार करें। विशेषज्ञों के अनुसार इस सुविधा का उपयोग केवल वास्तविक आपात स्थितियों, जैसे दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, वाहन ब्रेकडाउन या सुरक्षा संबंधी खतरे के समय ही किया जाना चाहिए। बिना कारण एसओएस बटन दबाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आ सकता है।*

## खबर संक्षेप

### सिरसा सांसद ने डॉ. हिम्मत यादव को दी बधाई

**कनीना।** डॉ. हिम्मत यादव को श्री कृष्ण यादव महासभा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सिरसा से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने पत्र भेजकर बधाई प्रेषित की है। पत्र में उन्होंने डॉ. यादव की इस पद पर नियुक्ति पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जीवन में उन्नति हासिल करने की बात कही है। सांसद सैलजा ने विश्वास जताया है कि डॉ. हिम्मत यादव के कुशल मार्गदर्शन में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण व सामाजिक एकता को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में भंडारा आज

**नारनौल।** गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में चार जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रेस सचिव संजय योगी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन के प्रधान प्यारेलाल योगी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 23वां मूर्ति स्थापना दिवस कैलाश नगर में स्थित गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में मनाया जाएगा। प्रसादी वितरण का कार्य प्रातः 11 बजे से बाबा की इच्छा तक चलेगा। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष धर्मपाल, सचिव नरेंद्र बड़कोदा, ओमप्रकाश गुलावला, कृष्ण योगी ढाणी बाठोठा, ओमप्रकाश तिगरा, कृष्ण योगी भूषण कलां, विक्की पुरानी मंडी, कृष्ण जमालपुर आदि उपस्थित रहे।

गत 7 मई को शुरू हुआ था महिला आईटीआई के पास सीवरेज लाइन का कार्य

# '57 दिन' से उखड़ी सड़क, अधूरी सीवरेज लाइन... शहर की रफ्तार पर लगा ब्रेक

100 मीटर का काम अब भी अधूरा; आधी सड़क बंद होने से रोज जाम और हादसे का खतरा

*▶▶ पार्क गली की वर्षों पुरानी ओवरफ्लो सीवर समस्या के समाधान का दावा, लेकिन दुकानदारों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं, विभाग बोला- माह के अंत तक पूरा होगा कार्य*

राजकुमार ▶▶ नारनौल

महिला आईटीआई के समीप सीवरेज लाइन बदलने के लिए 7 मई को तोड़ी गई मुख्य सड़क को शुक्रवार तक 57 दिन बीत चुके हैं, लेकिन करीब 100 मीटर का कार्य अब भी पूरा नहीं हो पाया है। दो माह के करीब पहुंच चुके इस प्रोजेक्ट ने शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक की रफ्तार थाम दी है। सड़क का एक हिस्सा पिछले दिनों से बंद पड़ा है, मिट्टी के ढेर अब भी मौके पर हैं और दोनों तरफ से आने वाले वाहनों को एक ही लेन से गुजरना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप दिनभर जाम, अव्यवस्था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह कार्य शहर की वर्षों पुरानी और जटिल ओवरफ्लो सीवर एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए शुरू किया गया था। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का दावा था कि नई सीवरेज लाइन बिछने के बाद पार्क गली, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस क्षेत्र और आसपास के इलाके को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी। हालांकि, कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की परेशानी कम करने के बजाय बढ़ा दी है।

### मानसून से पहले राहत की उम्मीद

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज लाइन का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए तथा सड़क का पुनर्निर्माण भी तुरंत शुरू किया जाए, ताकि बाजार, स्कूल और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य आवागमन बहाल हो सके।



**नारनौल।** जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तोड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि



**नारनौल।** मिट्टी डालकर बंद की गई सड़क।

### ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के दौरान क्षतिग्रस्त हुई थी लाइन

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार महिला आईटीआई के पास गंदे नाले के साथ लगी सीवरेज लाइन उस समय क्षतिग्रस्त हो गई थी, जब बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए नए पोल लगाए थे। पोल गाड़ने के दौरान भूमिगत सीवरेज लाइन दो स्थानों से टूट गई। शुरुआत में विभाग को लगा कि केवल दो-तीन मीटर हिस्से की मरम्मत करनी पड़ेगी, लेकिन खुदाई के दौरान क्षति का दायरा बढ़ता गया और अंततः लगभग 100 मीटर तक नई लाइन बिछाने का निर्णय लेना पड़ा। इसी कारण पूरी सीमेंटेड सड़क को जेसीबी से तोड़ दिया गया। मगर 57 दिन बाद भी कार्य अधूरा है और सड़क अभी तक पूर्व स्थिति में नहीं लौट सकी है।

### व्यस्त मार्केट में समस्याओं का स्थायी डेरा

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप स्थित पार्क गली शहर की सबसे व्यस्त व्यावसायिक मार्केटों में गिनी जाती है। रेडीमेड कपड़ों, जूतों और फैशन से जुड़े प्रतिष्ठानों के कारण यहां दिनभर युवाओं और खरीददारों की भीड़ रहती है, लेकिन बरसात का मौसम आते ही यह बाजार ओवरफ्लो सीवर और जलभराव की समस्या से जूझने लगता है। व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष नगर परिषद, जनस्वास्थ्य विभाग और प्रशासन स्थायी समाधान का भरोसा देते हैं। ज्ञापन दिए जाते हैं, धरने होते हैं, जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जाती है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। बरसात में गंदा पानी दुकानों तक पहुंच जाता है, जिससे कारोबार प्रभावित होता है और ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो जाती है।

### एक लेन बंद, हजारों वाहन रोजाना प्रभावित

महावीर चौक से महिला आईटीआई, बहादुर सिंह तालाब और आगे के क्षेत्रों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग शहर की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल है। सड़क का एक हिस्सा बंद होने से दोनों दिशाओं का ट्रैफिक एक ही लेन से संचालित हो रहा है। सुबह-शाम कार्यालय समय और बाजार के व्यस्त घंटों में यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आमने-सामने वाहन आने पर कई बार टकराव जैसी स्थिति बन जाती है। स्कूली विद्यार्थी, दुपहिया चालक, ई-रिक्शा और भारी वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बरसात होने पर मिट्टी और कीचड़ स्थिति को और अधिक गंभीर बना देते हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल ने बताया कि महिला आईटीआई के पास क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य इस माह के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नई लाइन बिछने के बाद आगामी मानसून में बरसाती पानी और सीवरेज निकासी की समस्या काफी हद तक दूर होगी। कार्य पूरा होते ही क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण भी कराया जाएगा।

# पटीकरा गांव में 27 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव पटीकरा में शुक्रवार को 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध आत्महत्या का मामला सामने आया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया।

गांव पटीकरा निवासी निशू (27) ने अपने मकान में एक कमरे में पंखे पर रस्सी बांधकर फांसी का फंदा लगा लिया। जब परिजनों ने उसको देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि निशू विवाहित था, लेकिन उसका तलाक हो चुका था। वह एक निजी अस्पताल में कार्यरत था। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

माजरा चुंगी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। एक तेज रफ्तार ट्रॉले के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को इस संबंध में लिखित शिकायत सौंप दी गई है। मृतक की पहचान लक्ष्मण पुत्र अशोक कुमार सिगड़ा के रूप में हुई है।

सिगड़ा निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जुलाई को लक्ष्मण महेंद्रगढ़ स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी से अपनी ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही लक्ष्मण माजरा चुंगी के नजदीक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी एक ट्रॉला चालक ने अपने वाहन को गफलत व लापरवाही से चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉला लक्ष्मण के दोनों पैरों के ऊपर से निकल गया। हादसे में एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसके चालक अजय कुमार को भी चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद डायल 112 की गाड़ी ने घायल लक्ष्मण को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए गुरुग्राम के निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को लक्ष्मण की मृत्यु हो गई। मृतक के पिता अशोक कुमार ने थाना सदर महेंद्रगढ़ में आरोपी ट्रॉला के चालक पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बायो फ्यूल कारोबारी से 9.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी

*थाना शहर पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में बायो फ्यूल कारोबार से जुड़े दो व्यापारियों के साथ करीब 9.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि चरखी दादरी, हिसार व भिवानी के कुछ कारोबारियों ने माल खरीदने के नाम पर लाखों रुपये का सामान मंगवाया, लेकिन भुगतान नहीं किया। पुलिस को दी शिकायत में ईश्वर कॉलोनी निवासी एवं बायो एनर्जी ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर वेदप्रकाश व उनकी पत्नी जेबी बायो एनर्जी प्रोपराइटर जयबाला ने बताया कि अप्रैल में चरखी दादरी निवासी शंकर कुमार ने उनकी फर्म से संपर्क कर बायो फ्यूल से संबंधित सामान खरीदने की इच्छा जताई। उसने अपनी फर्म का जीएसटी नंबर व अन्य दस्तावेज भी साझा किए तथा भरोसा दिलाने के लिए पहले 30 हजार रुपये एडवांस भेज दिए। शिकायत के अनुसार इसके बाद नौ अप्रैल को करीब 2.46 लाख रुपये का माल चरखी दादरी भेजा गया।

इसी दौरान भिवानी निवासी धर्मवीर सोनी, सोमवीर जैन व अमित सोनी ने भी माल की मांग की। भरोसा दिलाने पर पीड़ितों ने करीब 1.98 लाख रुपये का सामान भेज दिया, लेकिन इसकी भी कीमत अदा नहीं की गई।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जयबाला की फर्म से 2.17 लाख रुपये तथा वेदप्रकाश की दूसरी सप्लाई के रूप में 2.62 लाख रुपये का सामान भी आरोपितों ने मंगवाया, लेकिन भुगतान नहीं किया।

### शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपितों ने सुनियोजित तरीके से गिरोह बनाकर धोखाधड़ी की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने पहले भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई शिकायतें दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थाना शहर पुलिस ने दो जुलाई को प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है तथा दस्तावेजों, बैंक लेनदेन व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एडीए परीक्षा के लिए चलेंगी विशेष बसें

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा परिवहन विभाग की ओर से पांच जुलाई को एडीए की होने वाली लिखित परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए नारनौल बस स्टैंड से विशेष बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह जानकारी देते हुए जीएम रोडवेज देवदत्त ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत पांच जुलाई को नारनौल बस स्टैंड से करनाल व कुरुक्षेत्र के लिए सुबह 02:30 बजे और पंचकूला के लिए सुबह 02:00 बजे बसें रवाना होंगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद, इन सभी केंद्रों (करनाल, कुरुक्षेत्र और पंचकूला) से वापस नारनौल के लिए दोपहर एक बजे बसें चलेंगी। इस यात्रा के लिए परीक्षार्थियों से केवल सामान्य किराया ही लिया जाएगा।

# साइबर ठगों ने बैंक अकाउंट से 1.84 लाख रुपये निकाले

**नारनौल।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के बैंक अकाउंट से एक लाख 84 हजार रुपये निकाल लिए। व्यक्ति को इस बारे में तब पता चला, जब उसने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि का भुगतान करना चाहा। इस बारे में पीड़ित ने पंचकूला में पुलिस में शिकायत दी। वहां जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद नारनौल साइबर क्राइम ने मामला दर्ज कर लिया। शहर के फ्रांसखाना मोहल्ला निवासी पवन कुमार वर्मा के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने दो अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,84,001 रुपये निकाल लिए। मामले में थाना साइबर अपराध नारनौल ने पंचकूला से प्राप्त ई-जीरो एफआईआर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना नोडल साइबर क्राइम पंचकूला से ई-जीरो एफआईआर 28 जून प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि पीड़ित पवन कुमार वर्मा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं और उनके खाते से कुल 1,84,001 रुपये की अवैध निकासी की गई है। पीड़ित पवन कुमार वर्मा ने दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उनका एचडीएफसी बैंक की धारूहेड़ा शाखा में खाता है। 28 जून को जब उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि का भुगतान करने का प्रयास किया, तो भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने बैंक खाते की जांच की, जिसमें पता चला कि खाते में कोई शेष राशि नहीं बची है। ऑनलाइन बैंक स्टेटमेंट देखने पर उन्हें जानकारी मिली कि 27 जून को उनके खाते से 98 हजार रुपये तथा 28 जून को 86,001 रुपये किसी अज्ञात माध्यम से ट्रांसफर कर दिए गए। पवन कुमार का कहना है कि ये दोनों लेनदेन उन्होंने नहीं किए और न ही किसी को इसकी अनुमति दी थी। घटना का पता चलते ही उन्होंने अपना मोबाइल फोन रीसेट किया तथा तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

दूसरे दिन भी नहीं पहुंची सफाई व्यवस्था, शहरभर की गंदगी बहकर पहुंची मार्केट में

# कीचड़ और गंदगी से पार्क गली बनी नरक, लोग परेशान

*दुकानदारों ने नगर परिषद से लगाई तत्काल सफाई की गुहार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की सबसे व्यस्त व्यावसायिक गलियों में शामिल पार्क गली एक बार फिर प्रशासनिक उदासीनता का शिकार नजर आ रही है। हाल ही में हुई बरसात के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों से बहकर आया कचरा, प्लास्टिक और काला कीचड़ पार्क गली में जमा हो गया। हालांकि जनस्वास्थ्य विभाग ने जेसीबी की सहायता से नाले में पानी की निकासी तो कर दी, लेकिन सड़क के बीचोंबीच जमा गंदगी को हटाने की सुध दूसरे दिन तक भी किसी ने नहीं ली। इससे दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्क गली शहर को बस स्टैंड से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। रेडीमेड कपड़ों, जूतों और अन्य प्रतिष्ठानों के कारण यहां पूरे दिन लोगों की आवाजाही रहती है। हजारों दुपहिया वाहन भी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन बरसात के बाद सड़क पर जमा काले कीचड़ ने आवागमन को मुश्किल बना दिया है।

दुकानदारों का कहना है कि बरसाती पानी के साथ शहरभर का कचरा, पॉलीथीन और प्लास्टिक बहकर पार्क गली में आकर रुक जाता है। इस बार भी यही स्थिति बनी। पानी तो निकल गया, लेकिन सड़क पर काले कीचड़ की मोटी परत और प्लास्टिक का कचरा फैल गया। इससे न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि ग्राहकों का बाजार में आना भी प्रभावित हो रहा है।



**नारनौल।** पार्क गली में बीचोंबीच पड़ा कीचड़। फोटो : हरिभूमि

### गंदगी के कारण खराब हो रही बाजार की छवि

स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि नगर परिषद की ओर से समय पर सफाई नहीं कराई जा रही है। यदि बरसात के तुरंत बाद सफाई अभियान चलाया जाता तो लोगों को इतनी परेशानी नहीं उठानी पड़ती। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण बाजार की छवि भी खराब हो रही है और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि पार्क गली में तत्काल सफाई कराकर सड़क पर जमा काला कीचड़, प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए नालों की नियमित सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात के दौरान शहर की प्रमुख मार्केट को बार-बार इस परेशानी का सामना न करना पड़े।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style



# दिव्या
## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौमस में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।



# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### लावन गांव में हुई श्रीमद्भागवत कथा

**महेंद्रगढ़।** गांव लावन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पहुंचने लगे। कथावाचक पंडित कुलदीप भारद्वाज ने भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति का प्रेरणादायी प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शनिवार को कथा के समापन पर हवन का आयोजन होगा। कथावाचक ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की सच्ची पुकार अवश्य सुनते हैं।

### विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर बांटे जूट के थैले

**नारनौल।** विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के मौके पर शुक्रवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय व जिला नगर आयुक्त के साझा प्रयासों से शहर में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जूट के थैले भी बांटे गए, ताकि लोग एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कर दें। अभियान के दौरान जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि पॉलीथिन हमारे पर्यावरण, सेहत और बेजुबान पशुओं के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब मिलकर जूट और कपड़े के थैलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें।

## हरियाणा महिला आयोग की सदस्य महिला थाना, वन स्टॉप सेंटर पहुंची

# महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हर शिकायत पर होगी कार्रवाईः भारती सैनी

- महिला सुरक्षा व्यवस्था, पीड़ितों को मिलने वाली सुविधाओं और बाल संरक्षण तंत्र का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल





**नारनौल।** वृद्ध महिला से उसका हाल जानती सदस्या भारती सैनी। महिला थाने पहुंचने पर महिला आयोग की सदस्या भारती सैनी को बुक्के भेंट करती एसएचओ मंजूशा।

हाल ही में हरियाणा महिला आयोग की सदस्य नियुक्त हुईं भारती सैनी ने शुक्रवार को नारनौल में महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न संस्थानों का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने महिला थाना, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, वन स्टॉप सेंटर तथा एसडीएम कार्यालय की विजिट कर अधिकारियों से महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाल अपराध और पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध न्याय और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना हरियाणा महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दौरे की शुरुआत महिला थाना नारनौल से हुई, जहां भारती सैनी ने महिलाओं से संबंधित दर्ज होने वाले मामलों, उनकी सुनवाई की प्रक्रिया तथा पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने थाने में महिलाओं को अस्थायी रूप से ठहराने के लिए बनाए गए कक्ष का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि शिकायत लेकर आने वाली प्रत्येक महिला के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए, ताकि वह बिना किसी भय के अपनी बात रख सके।

केंद्र की इंचार्ज वंदना ने उन्हें यहां मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर महिला आयोग सदस्य ने संबंधित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन दिया और कहा कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।

दौरे के दौरान उन्होंने एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव से भी मुलाकात कर महिलाओं से जुड़े मामलों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन और महिला आयोग के बीच बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि महिला हितों से जुड़े मामलों में सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा।

### उद्देश्य केवल शिकायत निवारण नहीं, उत्थान भी

निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में भारती सैनी ने कहा कि हरियाणा महिला आयोग का उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें न्याय दिलाना और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना भी है। आयोग राज्यभर में समय-समय पर महिला थानों, वन स्टॉप सेंटरों, बाल संरक्षण इकाइयों तथा अन्य संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहा है, ताकि महिलाओं और बच्चियों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। यदि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तो महिलाओं के प्रति अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### यह रहे मौजूद

दौरे के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव, महिला थाना की एसएचओ लेडी इंस्पेक्टर मंजूशा, पीएसआई सवीना, एएसआई राकेश, एएसआई आशा, एलएचसी प्रीता, प्रोटेक्शन ऑफिसर सरिता शर्मा, चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर राजेश गोयल तथा वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज वंदना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**न्यूज डायरी**

### मंत्री आरती राव के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन के अवसर पर युवा नेता मनोज सेकवाल के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा स्वास्थ्य मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर युवा नेता मनोज सेकवाल ने कहा कि जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाना समय की आवश्यकता है। पौधारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव जनसेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय हैं और उनके जन्मदिन पर पौधे लगाकर उन्हें शुभकामनाएं देना एक सकारात्मक पहल है।



### आरपीएस डिग्री कॉलेज की दीया बनी यूनिवर्सिटी टॉपर

**महेंद्रगढ़।** शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को दोहराते हुए आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के बीकॉम छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मई 2026 की परीक्षाओं में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। शीर्ष स्थानों पर आरपीएस डिग्री कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है, दीया पुत्री गोविंद ने 81.17 प्रतिशत प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया, ईशु पुत्री प्रदीप कुमार ने 78 प्रतिशत लेकर तीसरा स्थान, अंजली पुत्री अमित कुमार ने 77.83 प्रतिशत पाकर चौथा स्थान, नैंसी पुत्री दिनेश कुमार ने 76.83 प्रतिशत प्राप्त कर छठा स्थान तथा निर्मल पुत्री विकास ने 76.17 प्रतिशत लेकर सातवां स्थान हासिल किया। इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण सफलता पर संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने संयुक्त रूप से सभी सफल विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का यह शानदार प्रदर्शन आरपीएस संस्थान की उच्च स्तरीय शिक्षा प्रणाली और निरंतर कड़े परिश्रम का परिणाम है।



### विद्यार्थियों को दिया आध्यात्मिक व व्यवहारिक ज्ञान

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल खेतड़ी रोड निजामपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक ज्ञान पर एक प्रेरक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी रमनानंद पुरी ने अपने साथ पधारे सत्यनारायण गुप्ता की उपस्थिति में विद्यार्थियों को आध्यात्मिक व व्यवहारिक जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। अपने प्रेरक व्याख्यान में स्वामी रमनानंद पुरी ने विद्यार्थियों को सत्य, धर्म, न्याय, सुख, दुख तथा पुण्य पाप का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि जीवन में सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर ही सफलता एवं सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार अपनाने, अपने माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने तथा देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहने का संदेश दिया।

### अंशु के शानदार प्रदर्शन से टीम बनी उपविजेता



**महेंद्रगढ़।** पुडुचेरी में आयोजित 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा के लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर रनर अप का खिताब जीता। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र और हरियाणा टीम के मुख्य खिलाड़ी अंशु ने अपने बेहतरीन खेल से मुख्य भूमिका निभाई है। हरियाणा की टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में राजस्थान को हराया। इस ऐतिहासिक सफलता पर आरपीएस ग्रुप के शीर्ष प्रबंधन ने खिलाड़ी अंशु और पूरी टीम को बधाई दी है। विद्यालय के छात्र की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि अंशु ने राष्ट्रीय स्तर पर चमककर न केवल संस्थान का बल्कि पूरे हरियाणा का मान बढ़ाया है। आरपीएस ग्रुप हमेशा से ही शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव न कहा कि हरियाणा टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना और उसमें हमारे छात्र अंशु का मुख्य खिलाड़ी होना बेहद गर्व की बात है। अंशु की यह कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उसका समर्पण अन्य युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

# महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन में मनाया स्वास्थ्य मंत्री आरती का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर आपस में लड्डू खिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

बार एसोसिएशन में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का 47वां जन्मदिन सादगी, सौहार्द और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। इस दौरान बार के अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को लड्डू खिलाए और मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में किसी प्रकार का आडंबर न रखते हुए सादगीपूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाया गया जो आपसी एकता और सद्भाव का प्रतीक बना।

ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव हरियाणा सरकार में रहते हुए विशेष रूप से दक्षिणी हरियाणा के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी गति दी जा रही है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी मंत्री इसी तरह जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती रहेंगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य अधिवक्ताओं ने भी आरती सिंह राव के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव, उप प्रधान सतीश यादव, एडवोकेट रेखा, एडवोकेट रविंद्र, पूर्व प्रधान रविंद्र यादव, टेकचंद एडवोकेट, सुमन दहिया, क्लर्क सुरेश सहित अन्य अधिवक्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर मंत्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस तरह के आयोजनों से आपसी संबंधों को और मजबूत करने का संदेश दिया।

### पूर्व सैनिकों की मांगों को लेकर बसपा आंदोलन करेगी

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व सैनिकों की मांगों को लेकर आंदोलन करने की घोषणा की है। इसकी शुरूआत 10 जुलाई से अटेली तहसील कार्यालय के समक्ष धरना देकर की जाएगी। इसके बाद कनीना, महेन्द्रगढ़, सतनाली, नारनौल तथा नांगल चौधरी तहसील कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर पूर्व सैनिकों की मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की जाएगी। बसपा नेता अतरलाल ने उक्त घोषणा करते हुए कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों की मांगों की उपेक्षा कर सैनिकों का अपमान कर रही है। लंबे समय से पूर्व सैनिक व रक्षाकर्मी अटेली तथा सतनाली में सीएसडी कैंटीन खोलने, नारनौल में सैनिक व पूर्वसैनिकों की सुविधाओं के लिए सैनिक सदन बनाने, नसीबपुर में युद्ध स्मारक बनाने, सैनिक कल्याण बोर्ड गठित करने और सैनिक वीरता पुरस्कारों की राशि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार आश्वासन से आगे नहीं बढ़ रही है। इससे सैनिक, पूर्व सैनिक तथा रक्षाकर्मियों के परिवारों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों की मांगों की की जा रही उपेक्षा के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी जिला स्तरीय आंदोलन करेगी।

# छात्रा जूही ने यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में बनाया दूसरा स्थान



जूही



सारिका



दीक्षा

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीकॉम के छठे सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बीकॉम छठे सेमेस्टर की छात्रा जूही पुत्री चंद्रप्रकाश गांव झगडोली ने 80.33 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में द्वितीय एंव कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा सारिका पुत्री अनिल कुमार ग्राम भगडाना ने 74.83 प्रतिशत अंक के साथ कॉलेज में द्वितीय स्थान एंव दीक्षा शर्मा पुत्री संजय शर्मा ग्राम मुडिया खेडा 68.17 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। सूरज कॉलेज में विभिन्न विषयों के लिए दाखिला प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है, विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की व्यवस्था कॉलेज परिसर में की गई है, विद्यार्थी दाखिले से संबंधित जरूरी दस्तावेजों के साथ कॉलेज में संपर्क कर सकते है।

### एडवोकेट मनदीप ने लगाई स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर गोवंश के लिए सवामणी

**नारनौल।** हरियाणा की लाडली बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। एडवोकेट मनदीप सिंह की ओर से रोटरी रसोई पर भोजन वितरण किया गया। इसके अलावा नेत्रहीन कन्या विद्यालय में 5100 का चेक बहनों को अध्यन सामग्री के लिए भेंट किया। वहीं गोसेवा मंडल के सानिध्य में श्री अनाथ गोशाला में गोमाता के लिए हरी सब्जी व हरे चारे की सवामणी का आयोजन किया गया। एडवोकेट मनदीप सिंह ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। रमेश यादव ने कहा कि गोमाता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस मौके पर गोशाला प्रधान उज्जैन पाल, गोसेवा मंडल के सचिव रमेश यादव, मुकेश वालिया, राजेश यादव, संतोष नीरपुर, खेमचंद शर्मा, सुरेंद्र यादव, नितिन गुप्ता, सुभाष शर्मा, दलीप यादव आदि ने गोमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। अंत में सभी ने गोसेवा को निरंतर जारी रखने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य से जोड़ने का संकल्प लिया।



**नारनौल।** गोवंश के लिए सवामणी लगाते आए समर्थक। फोटो : हरिभूमि



### रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नारनौल।** हरियाणा पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्राइमरी विंग के अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन में नन्हें नौनिहालों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। रैली का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर निधि वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी से प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं डीन मनोज भारद्वाज ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रेरणादायक नारों व तख्तियों के माध्यम से जन-जन तक हरियाली का संदेश पहुंचाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रबंधन समिति ने कोऑर्डिनेटर शीतल सैनी व रजनी चौहान का आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिवस के अवसर पर यादव सभा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों को केवल औपचारिक रूप से मनाने के बजाय समाज और प्रकृति के हित में कार्य करना अधिक सार्थक है। पौधारोपण न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का आधार भी है। यादव सभा के पूर्व प्रधान संजय राव रिवासा, अधिवक्ता रमेश बोहरा एव धर्मवीर झूक आदि ने साथ मिलकर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही उनके नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की भी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के हर शुभ अवसर चाहे जन्मदिन हो, विवाह वर्षगांठ हो या कोई अन्य खुशी का अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यदि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी की जाए तो यह समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में अनेक लोगों को शुद्ध वायु, छाया और बेहतर पर्यावरण प्रदान करेगा। यही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी और यादगार भेंट होगी। इस मौके पर उनके साथ जगदीश पायगा, रंग राव, सूरत सिंह, राजेंद्र, रामकला, भतेरी, कोमल, निर्मला आदि उपस्थित थे।

### फर्जी वोटों का खेल नहीं चलने देंगेः राजकुमार

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने पार्टी के सभी बीएलए-दो, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चुनाव आयोग की ओर से 14 जुलाई तक चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया है। जिला प्रधान ने कहा कि आने वाले चुनाव केवल भाषणों से नहीं, बल्कि बूथ की लड़ाई से तय होंगे। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ की मतदाता सूची की घर-घर जाकर जांच करे, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए मतदाताओं के नाम जुड़वाए और नियमों के अनुसार फर्जी, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने की प्रक्रिया पूरी करवाए। राजकुमार खातोद ने कहा कि जिस पार्टी का बूथ मजबूत होता है। बूथ संगठन जितना मजबूत होगा, जननायक जनता पार्टी की जीत उतनी ही सुनिश्चित होगी। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और रीढ़ की हड्डी हैं। सत्ता कार्यकर्ताओं के पसीने और संघर्ष से मिलती है, न कि केवल बड़े-बड़े दावों से। आज जरूरत है कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ को सबसे मजबूत बूथ बनाने का संकल्प लेकर मैदान में उतरे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब झूठे वादों और रा ज नी ति क भ्रम से ऊब चुकी है।

**सूचना**

मैं, पवित्र पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी पाथेडा, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी दसवीं व बारहवीं कक्षा की मार्कशीट में आधार कार्ड नंबर 7050 1927 0435 दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे सभी कागजातों जैसे फैमली आईडी व आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अन्य सभी कागजातों में आधार कार्ड नंबर 4927 2246 7545 दर्ज है। जो कि सही व दुरुस्त है।

**GOVT PRIMARY SCHOOL DHARSON DISTT. MAHENDERGARH**

**बोली सूचना**

रा. प्रा. पा. धरसूं–15159 खण्ड नारनौल जिला महेंद्रगढ के जर्जर भवन के 4 कमरे व चार बरामदे के सामान की खुली बोली नीलामी द्वारा शुकवार दिनांक 10.07.2026 को रा. प्रा. पा. धरसूं के प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोली दाता को 5000 रूपए की राशि सिक्योरिटी स्वरूप विद्यालय मुखिया के पास जमा करवानी होगी। बोली की शेष शर्त मौके पर बता दी जाएगी और विद्यालय कमेटी का फैसला अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

मुख्याध्यापक Ph. 9466324737

# सरकारी नर्सरियों में पौधा वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र की सिहमा एवं लहरोदा नर्सरी में तैयार किए गए पौधों का वितरण शुरू कर दिया गया है। वन विभाग की ओर से इस पहल के तहत हजारों की संख्या में पौधे आमजन व ग्राम पंचायतों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिल सके। सिहमा नर्सरी में करीब 10 हजार पौधे तैयार किए गए हैं जबकि लहरोदा नर्सरी में लगभग 60 हजार विभिन्न प्रजातियों के पौधे इस माह वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

सिहमा नर्सरी रामपुरा रोड पर लगभग चार एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है, वहीं लहरोदा नर्सरी करीब पांच एकड़ भूमि पर विकसित की गई है। लहरोदा नर्सरी में फलदार, छायादार और शोभादार पौधों की कई किस्में उपलब्ध हैं। इनमें नींबू, अमरूद, नीम, खजूर, इमली, गुलमोहर, अनार, अंजीर, बेलपत्र, अमलतास, गुलाब, बोगनवेलिया, सिरस, टेकोमा, चांदनी, गुड़हल, कचनार, किकर और तुलसी जैसे पौधे शामिल हैं। वहीं सिहमा नर्सरी में शीशम, गुलमोहर, पापड़ी और नीम के पौधे तैयार किए गए हैं। बड़ी संख्या में लोग नर्सरी पहुंचकर अपनी जरूरत के अनुसार पौधे ले रहे हैं।

नर्सरी के इंचार्ज हंसराज ने बताया कि पौधों का वितरण पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पौधे लेते समय और रोपण करते समय विशेष सावधानी बरतें। पौधों को पॉलिथीन बैग से निकालते समय जड़ों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, क्योंकि जड़ें क्षतिग्रस्त होने पर पौधा सूख सकता है। इसके अलावा पौधारोपण के लिए सही समय, उपयुक्त मिट्टी, खाद, पानी और धूप का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नर्सरी से पौधे लेने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रस्तावित पत्र साथ लाना अनिवार्य है जबकि आम ग्रामीण अपने पहचान पत्र के आधार पर पौधे प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे मामलों में विभाग द्वारा पौधे लगाए जाते हैं और उनकी पांच वर्षों तक देखभाल भी की जाती है, जिसके बाद उन्हें संबंधित पंचायत को सौंप दिया जाता है। इस पहल से क्षेत्र में हरियाली बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।



मंडी अटेली। नर्सरी में पौधे वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ग्राम पंचायत दुबलाना, खण्ड सिहमा**

**सफाई कर्मी लगवाने हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुबलाना में एक पद पर ग्रामीण सफाईकर्मी (अस्थाई) नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित है। आवेदक स्त्री या पुरूष कोई भी हो सकता है। आवदेक शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 55 वर्ष तक होनी चाहिए। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सिहमा में लेखाकार से आवेदन प्राप्त करके दिनांक 03.07.2026 से 17.07.2026 तक प्रातः 09.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक जमा करवा सकते है। आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 20.07.2026 को खण्ड कार्यालय में किया जाएगा। उक्त पद पर चयन उपरान्त हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा।

ग्राम सचिव, ब्लाक सिहमा



## खबर संक्षेप

### सदर थाना इंचार्ज ने की सुरक्षा के लिए मंत्रणा

**कनीना।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने, नशा तस्करी एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से थाना सदर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों के जन प्रतिनिधियों, सरपंचों, गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। सदर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, नशा तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने एवं आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारी ने कहा कि समाज और पुलिस के आपसी सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर मिठाई वितरित की

**मंडी अटेली।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में पौधरोपण एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उपस्थित स्टाफ और आमजन के बीच मिठाइयां वितरित कर खुशी साझा की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सांगवान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

### बाबा उम्मंद सिंह की स्मृति में वार्षिक उत्सव 11 को

**कनीना।** बाबा उम्मंद सिंह महाराज की स्मृति में 17वां वार्षिक महोत्सव 11 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाणा के साथ लगते बुहाना सब डिवीजन में आयोजित होने वाले इस समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ भंडारे और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। ताराचंद जोशी ने बताया कि इस समारोह में मनमोहक भांकी के अलावा गायक कलाकार सुनील शर्मा, किशन फौजी, बेबी मधुर, सुरजीत वेदी व संदीप राजस्थानी धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देंगे।

## चौधरी धर्मबीर सिंह ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सांसद बोले..जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं , ग्रीन कॉरिडोर 152-डी से हटेंगे अवैध ढाबे व दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सड़क हादसे में किसी भी नागरिक की जान ना जाए। इसके लिए अधिकारी जागरूकता के साथ-साथ सड़क पर नियमों की कड़ी पालना भी सुनिश्चित करें। सांसद शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला सड़क सुरक्षा समिति और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस बैठक में विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थे। सांसद ने पिछले दिनों नेशनल हाईवे 152-डी पर हुए बस हादसे का जिक्र करते हुए जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने हाईवे पर यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी और पुलिस विभाग को एक संयुक्त अभियान चलाकर हाईवे के दोनों तरफ बने अवैध ढाबों और दुकानों को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। हाईवे के दोनों तरफ 15 मीटर के दायरे में किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं की जा सकती। संबंधित विभागों को सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) को चिन्हित कर उनके कारणों की विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक से पहले पेश करने को कहा है।



नारनौल। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह।

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में उपायुक्त अनुपमा अंजली, पुलिस अधीक्षक दीपक, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद थी।

### हर नागरिक तक पहुंचेगा खुशहाली का प्रकाश

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण आजीविका एवं रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से यह नया एक्ट शुरू हो गया है। अब इसका अधिक से अधिक फायदा गरीब तबके को होगा। सिंह शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का मुख्य ध्येय ग्रामीण अंचल का चहुंमुखी विकास करना है। बैठक में सांसद ने केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पोषित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वीबी-जीरामजी ग्रामीण रोजगार का एक आधुनिक ढांचा है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का एक बेहतर और बढ़ा हुआ सुनिश्चित रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती पर विशेष फोकस कर रही है। जिले की सभी 24 गोशालाओं के गोमूत्र और गोबर से जैविक खाद तैयार करने की योजना तैयार करें।

### स्पेशल ऑडिट कराया जाए

आम जनता की रोजमर्रा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सांसद ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि जिले की अन्य छोटी सड़कों पर बनी नहरों की पुलियाओं का एक स्पेशल ऑडिट कराया जाए, ताकि जर्जर हो चुकी पुलियाओं को समय रहते दुरुस्त कर हादसों को टाला जा सके। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान महेंद्रगढ़ रोड पर महावीर चौक से लहरोदा बाईपास के बीच बने अवैध कट हटाने के निर्देश दिए।

## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर डीसी व एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

एचटेट परीक्षा आज व कल

# केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए बसों की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 को लेकर उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक भी मौजूद थे। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परीक्षाओं के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बोर्ड के अनुसार सभी प्रकार के प्रबंध पूरे होने चाहिए। उन्होंने केंद्रों पर जाकर सीसीटीवी तथा जैमर आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें उपमंडल नारनौल में सात और उपमंडल महेंद्रगढ़ में 15 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण के लिए फ्लाइंग स्क्वाड (उड़नदस्ते) का गठन किया गया है। उपायुक्त बताया कि लेवल तीन की परीक्षा चार जुलाई को दोपहर बाद तीन से शाम पांच बजकर 30 मिनट तक होगी। लेवल दो की परीक्षा पांच जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक होगी। लेवल एक की परीक्षा पांच जुलाई को ही दोपहर तीन से शाम पांच बजकर 30 मिनट तक संचालित की जाएगी।

नेत्रहीन व दिव्यांग अभ्यर्थियों को जो लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की एंट्री सुबह की शिफ्ट में 7:50 तथा शाम की शिफ्ट में 12:50 पर एंट्री शुरू हो जाएगी। एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव को नारनौल क्षेत्र और एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी को महेंद्रगढ़ क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि जिला में लेवल-एक के लिए 1921 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। वहीं लेवल-दो के लिए 6854 परीक्षार्थी तथा लेवल-तीन के लिए 4018 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। कुल 12793 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर महिला परीक्षार्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की छूट होगी। अन्य किसी प्रकार की कोई भी चीज जैसे अंगूठी, चैन, बालियां आदि पहनने की अनुमति नही होगी। सिख परीक्षार्थियों को धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी।



नारनौल। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो: हरिभूमि

### परीक्षाओं के संबंध में जानकारी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी लेने के लिए 9416977366, 9416373246 व 9729863601 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा यदि किसी परीक्षार्थी को सेंटर पहुंचने या अन्य किसी भी तरह की परेशानी होती है, तो वे तुरंत 112 पर कॉल करके मदद ले सकते हैं। जिला व पुलिस प्रशासन परीक्षार्थियों की हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। इसके अलावा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से भी दूरभाष नंबर 01664-254302, 254304, 254601, 254604 व व्हाट्सएप नंबर 8816840349 नंबर जारी किए हैं।

### केंद्रों के पास धारा 163 लागू

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को पूरी तरह से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकल मुक्त संपन्न कराने के लिए जिलाधीश अनुपमा अंजली ने आगामी चार और पांच जुलाई को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कड़े निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि चार व पांच जुलाई को परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार ले जाने व सभी कोचिंग सेंटरों और फोटोकॉपी मशीन की दुकानों को खोलने पर पाबंदी रहेगी। परीक्षा के दौरान ध्वनि प्रदूषण और व्यवधान को रोकने के लिए इस दायरे में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। परीक्षा केंद्रों में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। केवल वही व्यक्ति अंदर जा सकेंगे, जिनके पास सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित वैध पहचान पत्र होगा। इसके अलावा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी भीड़, गैर-जरूरी गतिविधियों और वाहनों की पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एग्जाम सेंटर के भीतर वाई-फाई, ब्लूटूथ या इंटरनेट से कनेक्ट होने वाले किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।



नांगल चौधरी। सीएचसी में स्वास्थ्य मंत्री के आवास की घेराबंदी की रूपरेखा बनाते स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर कल करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक सीएचसी में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मवीर यादव ने की, जबकि मंच संचालन ब्लॉक प्रधान राजेंद्र सिंह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से पांच जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री के रेवाड़ी स्थित रामपुरा हाउस आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय रोष प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

राज्य कार्यकारिणी की ओर से लंबे समय से सरकार के समक्ष कर्मचारियों की न्यायोचित मांगें उठाई जा रही हैं, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं किया गया। इसी कारण राज्य स्तर पर रोष प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है, जिसका जिला इकाई पूर्ण समर्थन करती है।

कर्मचारियों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, यूएचसी एवं पॉलीक्लिनिक में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करना, समान काम-समान वेतन लागू करना, शहरी क्षेत्रों में समाप्त किए गए पदों को दुबारा बहाल करना, पदोन्नति में समान अवसर, वेतन विसंगतियों का समाधान, पदनाम संशोधन, मेवात व पलवल में तबादलों पर लगी रोक हटाना, लंबित कन्फर्मेशन एवं पदोन्नति सूची जारी करना, एफटीए बढ़ाना, एसीपी मामलों का निपटारा तथा सातवें वेतन आयोग के अनुरूप एचआरए लागू करना शामिल हैं। एनएचएम के कर्मचारियों ने भी नियमितीकरण, समान काम-समान वेतन, वर्दी व यात्रा भत्ता तथा प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर वेतन जारी करने की मांग उठाई है।

### ये रहे मौजूद

उपप्रधान पिंकी यादव, जिला सचिव विपिन कुमार, वेदप्रकाश यादव, लक्ष्मण सैनी, कांता, पूजा, निर्मला, सुनीता, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुकेश, प्रदीप यादव आदि बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महेंद्रगढ़ की बेटी सोनिया सोनी बनीं भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट

*सोनिया की स्वर्णिम सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि उनके पैतृक गांव झगडोली और पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देश सेवा का जज्बा जब रगों में दौड़ता है, तो सफलता खुद-ब-खुद कदम चूमती है। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के झगडोली गांव की बेटी सोनिया सोनी ने भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर इतिहास रच दिया है। सोनिया की इस स्वर्णिम सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि उनके पैतृक गांव झगडोली और पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

21 वर्ष की छोटी सी उम्र में सेना में अधिकारी बनकर सोनिया अपने गांव की पहली महिला सैन्य अधिकारी बन गई हैं। अपनी इसी सैन्य यात्रा को शुरू करते हुए सोनिया ने 29 जून 2026 को एझिमाला, केरल स्थित भारतीय नौसेना अकादमी को ज्वाइन कर लिया है, जहां वह 11 महीने के कड़े सैन्य प्रशिक्षण से गुजरेंगी। सोनिया को देश सेवा की प्रेरणा घर से ही मिली। उनके पिता प्रदीप कुमार सोनी वर्तमान में भारतीय नौसेना में कमांडर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं उनके दादा नोबतराम सोनी एक प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं। पिता की वर्दी को देखकर बड़ी हुईं सोनिया का बचपन से ही एक ही सपना था सशस्त्र बलों में शामिल होकर देश की रक्षा करना। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नेवी चिल्ड्रन स्कूल से हुई, जिसने उनकी अनुशासित जीवनशैली की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल से बीटेक की डिग्री हासिल की। सोनिया की यह राह इतनी आसान नहीं थी। उन्होंने सर्विस सिलेक्शन बोर्ड की प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए दिन-रात एक कर दिया। उनकी कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प का ही परिणाम था कि उन्होंने महज 21 साल की उम्र में एक नहीं, बल्कि दो बार एसएसबी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी योग्यता को साबित किया। इतनी कम उम्र में यह दोहरा गौरव हासिल करना उनके गांव और समाज के लिए अत्यंत गर्व की बात है। सोनिया के सब-लेफ्टिनेंट बनने की खबर से परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों की आंखें खुशी से नम हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सोनिया ने महेंद्रगढ़ की बेटियों के लिए एक नई मिसाल कायम की है। वह अब क्षेत्र की सैकड़ों अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं, जो सेना में जाकर देश की सेवा करने का ख्वाब देखती हैं।



# हकेंवि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव कल से




महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो: हरिभूमि

- विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप महाराज साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई साइबर सुरक्षा एवं उभरती प्रौद्योगिकी विषय पर दस दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप महाराज साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में जोड़ा गया है। यह कार्यक्रम हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव एवं प्रो. आशीष माथुर के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देशभर से 500 से अधिक विद्यार्थी, प्रतिनिधि, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं साइबर सुरक्षा पेशेवर सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना, उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना, राष्ट्र के लिए कुशल साइबर वॉरियर्स तैयार करना तथा विशेषज्ञों एवं उद्योग जगत के साथ संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं करियर के नए अवसर सृजित करना है। कॉन्क्लेव का आयोजन सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के निदेशक डॉ. मुरलीधर नायक भुक्या तथा महाराज साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विकास कुमार के संयोजन में किया जा रहा है।

### संवादात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर

आयोजकों ने बताया कि दस दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव के दौरान प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, एथिकल हैकिंग, क्लाउड सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े विविध विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान, व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी सत्र एवं संवादात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि ज्ञान के आदान-प्रदान, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उद्योग एवं विशेषज्ञों के साथ सहयोग के माध्यम से यह कॉन्क्लेव ऐसे भविष्य के पेशेवर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा, जो बदलती साइबर चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करते हुए भारत के सुरक्षित एवं सशक्त डिजिटल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### सीएम प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धः डॉ. यतेंद्र

**नारनौल।** गांव आंतरी में एक जिला स्तरीय जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वीबी-जी राम जी योजना का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने किया। उन्होंने पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर हाथ को काम मिले इसी उद्देश्य से इस योजना को लागू किया गया है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत ग्रामीणों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी दी जाएगी। राव ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस योजना के माध्यम से युवाओं व श्रमिकों को स्वावलंबी बनने का एक नया अवसर मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी भारी मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### टीबी मुक्त भारत संकल्प को मिली रफ्तार

**महेंद्रगढ़।** केंद्र सरकार के 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गांव चितलांग में स्वास्थ्य विभाग ने टीबी जांच शिविर लगाया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष जांच शिविर में 108 ग्रामीणों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 50 संदिग्ध मरीजों का मौके पर ही डिजिटल एक्स-रे किया गया, जबकि 17 लोगों के बलगम के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए। सतीश खैरवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि देश को टीबी मुक्त बनाना। हमारा लक्ष्य है कि चितलांग का एक भी मरीज जांच और इलाज से वंचित न रहे। घर-घर दस्तक देकर लोगों को जागरूक किया और शिविर तक लाए। इस अभियान में सीएचओ हिमांशु और एएनएम शर्मिला ने अहम भूमिका निभाई।

## जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था से त्रस्त

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल,अराजकता का माहौल : राव नरेंद्र सिंह

*प्रदेश के विद्यार्थियों का भविष्य लगातार पेपर लीक की घटनाओं की भेंट चढ़ रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था से त्रस्त है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से पूरी तरह बेखबर होकर सत्ता के अहंकार में डूबी हुई है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज हरियाणा में चारों ओर अव्यवस्था और असुरक्षा का माहौल है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है और बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों का भविष्य लगातार पेपर लीक की घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है। भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता समाप्त हो चुकी है और लाखों युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों का विश्वास सरकारी व्यवस्था से उठता जा रहा है, जबकि भाजपा सरकार इस गंभीर समस्या पर भी मौन बनी हुई है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बजाय सरकार केवल झूठे दावे और प्रचार में लगी हुई है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और योग्य नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।



नारनौल। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

### जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी

इस अवसर जिला अध्यक्ष सतबीर झुकिया ने एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करने वाले किसी भी कदम से लोकतंत्र कमजोर होता है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार और सभी संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और विफलताओं को उजागर करे तथा प्रदेश में परिवर्तन का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नारनौल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनपाल यादव, सिहमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।